काजरी शोध कार्यों एवं राजभाषा में उत्कृष्ट योगदान के लिए पुरुस्कृत

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली के 89वें स्थापना दिवस के अवसर पर काजरी को चार पुरस्कारों से पुरुस्कृत किया गया। इस अवसर पर श्री राधामोहन सिंह, केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री एवं कृषि राज्य मंत्री, भारत सरकार ने प्राकृतिक संसाधन प्रबन्ध एवं कृषि यांत्रिंकी में उल्लेखनीय शोध कार्य के लिए काजरी के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. प्रियब्रत सान्तरा को लाल बहादुर शास्त्री उत्कृष्ट युवा वैज्ञानिक सम्मान से सम्मानित गया। जिसमें उन्हें एक लाख रूपये एवं वायु सुरंग प्रणाली तंत्र एवं मॉडलिंग पर शोध कार्य के लिए तीस लाख रूपये का नया प्रोजेक्ट दिया गया तथा प्रोजेक्ट के तहत विदेशी विश्वविद्यालय में एडवान्स ट्रेनिंग के लिए पाँच लाख रूपये स्वीकृत किये गये । वे शुष्क क्षेत्रों में वायु कटाव पर नियंत्रण के लिए शोध कार्य करेंगें।

काजरी, प्रादेशिक अनुसंधान केन्द्र, पाली के वैज्ञानिक डा. दीपक गुप्ता को उत्कृष्ट पीएचडी थीसिस के लिए जवाहर लाल नेहरू सम्मान से नवाजा गया। डा. गुप्ता को पचास हजार रूपये की राशि तथा स्मृति चिन्ह एवं प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया । डा. गुप्ता ने जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए गेहूँ और चावल की फसलों में ग्रीन हाउस गैस के न्यूनीकरण पर उल्लेखनीय शोध कार्य किये ।

राजभाषा में उल्लेखनीय योगदान के लिए काजरी निदेशक डा. ओ.पी. यादव एवं सहायक निदेशक, राजभाषाद्ध मधुबाला चारण को सम्मानित किया। संस्थान को सरकारी कामकाज में हिन्दी के प्रयोग में उल्लेखनीय योगदान के लिए द्वितीय राजर्षि टंडन राजभाषा पुरस्कार तथा किसानों के लिए उपयोगी मरू कृषि चयनिका पत्रिका प्रकाशन हेतु गणेश शंकर विद्यार्थी हिन्दी पत्रिका पुरस्कार प्रदान किया।